# पुराने फ्रीगंज ब्रिज के संग उभरेगी विकास की नई राह

- समानांतर पुल बदलेगा शहर की तस्वीर
- चौराहे का होगा कायाकल्प, हटेंगे गुमटियां-ठेले



नवभारत न्यूज

**उज्जैन.** अंग्रेजों के दौर में बने पुराने पुल को फिलहाल यथावत रखा जा रहा है, जबकि उसके साथ आधुनिक सुविधाओं से युक्त नई शाखा विकसित की जा रही है. सिंहस्थ-2028 की तैयारियों के बीच शहर के सबसे महत्वपूर्ण संपर्क मार्गों में शामिल फ्रीगंज ब्रिज क्षेत्र अब नए स्वरूप में नजर आने वाला है. लगभग डेढ़ सौ वर्ष पुराने ऐतिहासिक फ्रीगंज पुल के समानांतर नया पुल आकार ले रहा है, जिससे न केवल यातायात का दबाव कम होगा बल्कि पूरे क्षेत्र का सौंदर्य भी निखरेगा.

यह पुल पुराने और नए उज्जैन को जोड़ने वाली जीवनरेखा माना जाता है. वर्तमान में रैलियों, धार्मिक आयोजनों, जुलूसों और दैनिक यातायात के कारण यहां अक्सर दबाव की स्थिति बनती है. सिंहस्थ-2028 में करोड़ों श्रद्धालुओं की संभावित आवाजाही को देखते हुए समानांतर पुल को क्राउड मैनेजमेंट की दृष्टि से भी अहम माना जा रहा है.

### चामुंडा चौराहे के आगे दो शाखा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा भूमिपूजन के बाद निर्माण कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है. नई शाखा का एक हिस्सा चामुंडा माता चौराहे से ग्रांट होटल क्षेत्र की ओर विकसित होगा, जबकि दूसरा हिस्सा स्टडी होम स्कूल के सामने मक्सी रोड ब्रिज के नीचे तक पहुंचेगा. इससे शहर के विभिन्न हिस्सों के बीच आवागमन पहले की तुलना में अधिक सुगम और व्यवस्थित हो सकेगा.

### प्रतिमा, गुमटी ठेले होंगे शिफ्ट

पुल निर्माण के साथ-साथ आसपास के पूरे क्षेत्र को भी नए सिरे से विकसित किया जा रहा है. बाबू जगजीवन राम की प्रतिमा और उद्यान को व्यवस्थित रूप से स्थानांतरित करने की तैयारी है. वहीं वर्षों से चौराहे के आसपास संचालित चाय की गुमटियां, ठेले और स्थायी, अस्थाई अतिक्रमण भी हटाए जाएंगे, जिससे यातायात और सौंदर्य दोनों को लाभ मिलेगा.

### पूरे क्षेत्र का विकास

चौराहे से धन्नालाल की चाल, महापौर एवं आयुक्त बंगला मार्ग, फ्रीगंज टावर मार्ग तथा स्टडी होम स्कूल मार्ग तक के हिस्सों को एकीकृत रूप से विकसित करने की योजना है. सड़क चौड़ीकरण, बेहतर प्रकाश व्यवस्था, हरित क्षेत्र और सुव्यवस्थित यातायात व्यवस्था के माध्यम से यह पूरा इलाका शहर के आकर्षक प्रवेश द्वार के रूप में विकसित किया जाएगा.

### क्षेत्र की कीमत बढ़ेगी

नगर निगम द्वारा अतिक्रमण हटाने का अभियान भी इसी योजना का हिस्सा है. पुल और चौराहे के आसपास मौजूद अव्यवस्थित निर्माणों को हटाकर क्षेत्र को खुला और व्यवस्थित स्वरूप दिया जा रहा है. विकास कार्यों का असर आसपास की संपत्तियों पर भी दिखाई देगा, क़ीमत बढ़ेगी और क्षेत्र की व्यावसायिक तथा आवासीय उपयोगिता में वृद्धि होने की संभावना है.

### आधुनिक बनेंगे सरकारी भवन

फ्रीगंज ब्रिज क्षेत्र में स्थित एमपीआरडीसी, पी डब्लू डी, सेतु निगम और अन्य विभागीय कार्यालयों के कायाकल्प की भी तैयारी है. पुराने भवनों के स्थान पर आधुनिक कार्यालय परिसरों के निर्माण की योजना पर काम चल रहा है. इसके लिए नए स्थानों का चयन और प्रशासनिक स्वीकृतियों की प्रक्रिया जारी है. यदि सभी औपचारिकताएं समय पर पूरी होती हैं तो सिंहस्थ से पहले यहां आधुनिक प्रशासनिक अधोसंरचना भी विकसित हो सकती है.




# रक्तदान शिविर में मानव सेवा के साथ पक्षियों के संरक्षण का संदेश, जलपात्र वितरित

**नागदा। भीषण गर्मी के बीच मानव सेवा के साथ-साथ पक्षियों के संरक्षण एवं जल उपलब्धता का संदेश देने हेतु नागदा मंडी रेलवे कॉलोनी स्थित वेस्टर्न रेलवे एम्प्लॉई यूनियन हॉल में लायंस क्लब नागदा एवं वेस्टर्न रेलवे एम्प्लॉई यूनियन के संयुक्त तत्वावधान में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया।**

शिविर के दौरान पक्षियों के लिए निशुल्क जलपात्र वितरित कर नागरिकों से अपने घरों, प्रतिष्ठानों एवं छतों पर पानी रखने का आव्हान किया गया। लायंस क्लब सदस्य लायन सुनील त्रिवेदी के सौजन्य से हुए इस प्रयास की उपस्थितजनों ने सराहना करते हुए इसे जीव संरक्षण की दिशा में सार्थक पहल बताया।इस अवसर पर समाजसेवी लायन गुलजारीलाल त्रिवेदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में आयोजित रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता कर 10 यूनिट रक्तदान किया। प्रेस क्लब अध्यक्ष दीपक चौहान एवं भाजपा जिला महामंत्री राकेश यादव ने भी रक्तदान कर समाज को प्रेरक संदेश दिया।

### रक्तदान और मानव सेवा का संदेश देता प्रेरणादायी आयोजन

कार्यक्रम में एनके मिश्रा, विनय शुक्ला, राजेश धाकड़, गुलजारीलाल त्रिवेदी, सुनील त्रिवेदी, राजेश इंद्र, दीपक चौहान, राकेश यादव, सुरेश उपाध्याय, बंटी जटिया, अर्जुन राजोरिया, चिकित्सा टीम सहित बड़ी संख्या में लायंस क्लब सदस्य, रेलवे कर्मचारी, जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।कार्यक्रम के माध्यम से रक्तदान, मानव सेवा और जीव संरक्षण जैसे सामाजिक सरोकारों को एक साथ जोड़कर समाज में सकारात्मक संदेश प्रसारित किया गया।

## एक नजर में

### विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधा रोपण किया




महिदपुर। अमृत हरित महाअभियान वर्ष 2026 का शुभारंभ 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के साथ वार्ड क्रमांक 08 देवीजी रोड स्थित नवीन पार्क से किया गया है। मुख्य नगरपालिका अधिकारी राजा यादव ने बताया कि अमृत हरित महाअभियान कार्यक्रम का शुभारंभ नगरपालिका अध्यक्ष नानीबाई ओमप्रकाश माली द्वारा किया गया। इस अवसर पर पार्षद आशा जगदीश राठौर, उमा पाण्डे, जगदीश राठौर, पार्षद प्रतिनिधि सोनी परमार, अफसार खान, निकाय कर्मचारीगण उपस्थित रहे। उक्त अभियान अन्तर्गत कुल 200 पौधे लगाये गये। आगामी दिनों में भी अभियान को जारी रख वृहद स्तर पर पौधा रोपण किया जावेगा।

### रासेयो इकाई के आयोजन में विशेषज्ञों ने बताई जलवायु परिवर्तन से निपटने की जरूरत




**उज्जैन।** शासकीय संस्कृत महाविद्यालय में शुक्रवार को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना (रासेयो) इकाई द्वारा पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्राचार्य डॉ. सीमा शर्मा के मार्गदर्शन में हुए इस आयोजन में प्रकृति के संरक्षण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ. शर्मा ने बताया कि पर्यावरण की सुरक्षा और संरक्षण के लिए पूरे विश्व में 5 जून को यह दिवस मनाया जाता है। क्लाइमेट एक्शन पर केंद्रित है इस वर्ष की थीम रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ. श्रेयस कोरान्ने ने पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर जोर देते हुए बताया कि विश्व पर्यावरण दिवस 2026 की मुख्य थीम क्लाइमेट एक्शन रखी गई है। यह थीम जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से निपटने की तत्काल आवश्यकता पर केंद्रित है। इसका मुख्य उद्देश्य मानवता को कार्बन उत्सर्जन कम करने, अर्थव्यवस्था की पुरानी प्रणालियों में सुधार लाने और जलवायु के साथ अपने संबंधों को बेहतर बनाने के लिए एकजुट करना है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में रासेयो स्वयंसेवक एवं महाविद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

### पर्यावरण संरक्षण का संदेश लेकर सड़क पर उतरे बच्चे, वृहद स्तर पर किया पौधारोपण

**उज्जैन।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वर्धमान बाल युवा संस्कार शिविर के बच्चों ने पर्यावरण जागरूकता रैली निकाली और वृहद स्तर पर पौधारोपण किया। शिविर में बच्चों को भगवान महावीर के मूलभूत संदेश जियो और जीने दो को चरितार्थ करते हुए प्रकृति के संरक्षण का महत्व बताया गया। बच्चों को नदियां, झीलें, पहाड़, जंगल और हवा को सुरक्षित रखने की शिक्षा देने के साथ ही इसे अपने जीवन में अपनाने की प्रेरणा दी गई। यंग जैन स्टडी ग्रुप इंदौर के संस्थापक प्रकाश छाबड़ा के निर्देशन में निकाली गई यह जागरूकता रैली ऋषिनगर स्थित आदिनाथ जिनालय से शुरू होकर विभिन्न मार्गों से होते हुए कालिदास मांटेसरी स्कूल पहुंची। रैली में शिविरार्थी बच्चे हाथों में पौधे लेकर और पर्यावरण बचाओ-वृक्ष लगाओ के नारे लगाते हुए चल रहे थे। कालिदास स्कूल परिसर में समाजजनों और बच्चों ने मिलकर वृहद पौधारोपण किया। इस अवसर पर कालिदास स्कूल के अध्यक्ष माणकलाल गिरिया, वर्धमान ग्रुप के चेयरमैन पंकज जैन, संरक्षक संजय पांड्या, अध्यक्ष हितेश बड़जात्या, राजेश लुहाड़िया, प्रमोद जैन, सुनील बड़गड़िया, आदिश विनायका, रितेश पतंग्या, प्रतीक चौधरी, विवेक जैन, सलिल जैन, अखिलेश जैन, महावीर जैन, रूपल शाह, नमन बिलाला, आभा शाह और पुष्पा बज सहित बड़ी संख्या में शिविरार्थी उपस्थित थे। संचालन रेणु जैन ने किया तथा आभार राजेश लुहाड़िया ने माना।

आज होगी शिविरार्थियों की परीक्षा-शिविर प्रभारी धवल दोशी और मनोज बाकलीवाल ने बताया कि 6 जून की शाम सभी शिविरार्थी बच्चों की ओएमआर शीट पर परीक्षा ली जाएगी। परीक्षा में शामिल होने वाले सभी बच्चों को पुरस्कृत किया जाएगा। इसके साथ ही, प्रत्येक स्तर पर प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले शिविरार्थियों को विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

# अस्मिता जूनियर बास्केटबॉल चैंपियनशिप का भव्य आगाज, उज्जैन ने जबलपुर को 45-0 से हराया

- महानंदा नगर बास्केटबॉल एरीना में बालिका वर्ग की 25 टीमों के बीच मुकाबला शुरू, नीमच और भोपाल भी अगले दौर में




**उज्जैन।** मध्य प्रदेश बास्केटबॉल एसोसिएशन के तत्वावधान और उज्जैन कॉरपोरेशन एरिया बास्केटबॉल एसोसिएशन के संयोजन में अस्मिता जूनियर बास्केटबॉल लीग (बालिका वर्ग) का भव्य शुभारंभ हुआ। महानंदा नगर स्थित बास्केटबॉल एरीना में शुरू हुई इस प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता में कुल 25 टीमें भाग ले रही हैं। उद्घाटन अवसर पर खेले गए मुकाबले में उज्जैन कॉरपोरेशन ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए जबलपुर को 45-0 के एकतरफा अंतर से करारी शिकस्त दी। लीग के अन्य शुरुआती मुकाबलों में उज्जैन जिला, नीमच जिला और भोपाल कॉरपोरेशन की टीमों ने भी अपने-अपने मैच जीतकर अगले दौर में प्रवेश किया।

### भव्य शुभारंभ, खिलाड़ियों ने दिखाया दम

संगठन सचिव ऋतु शर्मा ने बताया कि शुभारंभ समारोह में उज्जैन विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष डॉ. रवि सोलंकी मुख्य अतिथि थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता उज्जैन उत्तर के विधायक अनिल जैन कालूखेड़ा ने की। भारतीय बास्केटबॉल महासंघ के महासचिव कुलविंदर सिंह गिल और पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी संजय वशिष्ठ विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर अतिथियों का स्वागत संगठन अध्यक्ष ज्योति शर्मा, मनीषा पंवार, प्रगति जैन, शैलेंद्र टाइट्स, रविशा लड्ढा, समीक्षा भदौरिया और विनोद पांचाल ने किया।कार्यक्रम की शुरुआत में खिलाड़ियों ने आकर्षक मार्च पास्ट किया। इसके पश्चात प्रज्ञा गढ़वाल के नेतृत्व में लोकायन के कलाकारों ने शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। बास्केटबॉल की राष्ट्रीय खिलाड़ी देवयानी गौड़, इशिका मांगरोले और हिमांशी चौहान ने भी अपनी विशेष प्रस्तुतियां दीं। संचालन शैलेंद्र व्यास ने किया और अंत में आभार ऋतु शर्मा ने माना।

# इस्कॉन बालाजी फूड्स में पौधरोपण




**उज्जैन।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 5 जून को विक्रम उद्योगपुरी स्थित इसकॉन बालाजी फूड्स प्लांट में पौधरोपण कर प्रकृति संरक्षण का संदेश दिया गया। प्रतिवर्ष की तरह इस बार भी प्लांट परिसर में प्रकृति से प्रेरित। जलवायु के लिए। हमारे भविष्य के लिए। थीम पर पर्यावरण दिवस मनाया गया। इस दौरान कंपनी के सभी विभागों की ओर से परिसर में एक-एक पौधा रोपा गया। केवल पौधे ही नहीं लगाए गए, बल्कि उन्हें जीवित रखने और उनकी निरंतर सुरक्षा करने की जवाबदेही भी संबंधित विभागों को सौंपी गई। पर्यावरण के प्रति जागरूकता और पौधरोपण के इस आयोजन को सफल बनाने में प्लांट हेड जगदीश हलवाई, एचआर मैनेजर उमेश पंड्या और ईएचएस ऑफिसर निहार व्यास का विशेष सहयोग रहा।

# खंडेलवाल समाज का अन्नकूट महोत्सव कल

- सुबह गौ माता को 56 प्रकार के नैवेद्य का लगेगा भोग

**उज्जैन। खंडेलवाल वैश्य पंचायत उज्जैन द्वारा ज्येष्ठ पुरुषोत्तम शुक्ल पक्ष सप्तमी रविवार 7 जून को अन्नकूट महोत्सव का भव्य आयोजन किया जाएगा। आयोजन के तहत सुबह 8 बजे विष्णु सागर मार्ग, उत्तरामुखी हनुमान से पूर्व सामने गली स्थित श्री शीतला माता गौशाला, अंकपात क्षेत्र में गौ अन्नकूट होगा। वहीं शाम को बुधवारिया स्थित खण्डेलवाल वैश्य पंचायत भवन में ठाकुर जी को 56 भोग लगाकर महाआरती की जाएगी।**

अनाज मंडी खण्डेलवाल परिवारगण के संयोजन से सुबह गौ माता को 56 विभिन्न प्रकार के गौ-प्रिय नैवेद्य समर्पित किए जाएंगे। शाम 7 बजे समाज भवन में श्री राधा कृष्ण भगवान के सम्मुख 56 नैवेद्य अर्पण कर महाआरती होगी। शाम 7.30 बजे से मंचीय कार्यक्रम और रात 8.30 बजे से महाप्रसादी का आयोजन होगा।

समारोह में बतौर मुख्य अतिथि समाजसेवी और भाजपा व्यापारी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक धीरज खंडेलवाल शिरकत करेंगे। अन्नकूट आयोजन में समाज के 11 परिवारों ने ठाकुर जी के अन्नकूट संयोजक की सेवा स्वीकारी है। इनमें स्व. राधा बाई स्मृति में जंघिनिया परिवार, ओंकारलाल पारमार्थिक न्यास, रघुनंदन केदावत, सुशीला एनएल गुप्ता, राजेंद्र सोखिया व पुत्र रतनदीप, प्रवीण खंडेलवाल व पुत्र सार्थक, रमेश खंडेलवाल परिवार, भूपेंद्र सोखिया, पीडी खंडेलवाल परिवार, मनोज व अविनाश डंगायच तथा मनोहर व भूपेंद्र बंटवाड़ा शामिल हैं।

### अन्न का सम्मान, कोई कण जूठा न जाए

अन्न का सम्मान हो और कोई भी कण जूठा न जाए, इसका संकल्प गोविंद माली, ओमप्रकाश माचीवाल और प्रेमनारायण हल्दिया करवाएंगे। बैठक में प्रगति मंडल, बीसी ग्रुप, एक्टिविस्ट, युवा परिवार, क्रिएटिव ग्रुप, सोशल ग्रुप, युवा संघ, महिला मंडल, लेडीज विंग, क्वींस क्लब, आनंद परिषद और मित्र परिषद सहित समाज की सभी उप-संस्थाओं के पदाधिकारी मौजूद रहे।

### इनके हाथों में रहेगी व्यवस्था की कमान

व्यवस्थाओं को लेकर आयोजित बैठक में संरक्षक सिद्धेश्वर दास, अध्यक्ष गोविंद खण्डेलवाल, सचिव अनिल सामरिया, कोषाध्यक्ष गुलशन नाटाणी, उपाध्यक्ष राजेंद्र झालानी, सहसचिव मनीष खंडेलवाल, समन्वयक राजेंद्र सोखिया, उत्सव प्रभारी देवेंद्र जंघिनिया, भवन प्रभारी मनीष मेहरवाल, जनसंपर्क व मीडिया प्रभारी अर्पित गुप्ता और कार्यकारिणी सदस्य धर्मेंद्र गुप्ता व अनिल गुप्ता ने रूपरेखा तय की। प्रसाद वितरण की कमान महिला मंडल, लेडीज विंग और क्वींस क्लब संभालेंगी। भोजन वितरण की जिम्मेदारी युवा परिवार, युवा संघ, पैकेट निर्माण रितेश नाटाणी व रितेश दास, मंदिर सजावट देवेंद्र जंघिनिया, आमंत्रण सूचना राजेंद्र व रतनदीप सोखिया और अर्पित गुप्ता, जबकि मंच व्यवस्था राजेंद्र झालानी, मनीष खंडेलवाल व अर्पित गुप्ता संभालेंगे।

# महाविद्यालय में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया

**घट्टिया।** स्व. नागूलाल मालवीय शासकीय महाविद्यालय में विश्व पर्यावरण दिवस कार्यक्रम शुक्रवार को सुनील गुजराती की अध्यक्षता में मनाया गया। इस अवसर पर समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थियों द्वारा एक पेड़ मां के नाम थीम पर महाविद्यालय परिसर में पौधारोपण किया गया। जिसमें पीपल, नीम, आम, बरगद एवं तुलसी आदि पौधे लगाए गए। पर्यावरण संरक्षण अभियान के तहत उपरोक्त पौधारोपण में नरेंद्र अलावा से जेसीबी का सहयोग तथा इंडियन ऑइल गैस बॉटलिंग प्लांट से पौधों का सहयोग महाविद्यालय को प्राप्त हुआ है। साथ ही स्वच्छता, जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण के बारे में विद्यार्थियों को जागरूक करने के उद्देश्य से सुनील गुजराती ने व्याख्यान दिया। जिसमें विद्यार्थियों को विश्व पर्यावरण दिवस की महत्वता तथा इस वर्ष की थीम जलवायु परिवर्तन पर त्वरित कार्रवाई तथा प्रकृति आधारित समाधान के बारे में जानकारी दी। मुख्य वक्ता डॉ. दयाराम मुझाल्दा ने विद्यार्थियों को जल संरक्षण पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता के प्रति जागरुक करते हुए जल संरक्षण की शपथ दिलाई। संचालन डॉ. श्वेता भल्ला ने किया व आभार डॉ. ज्योति दातीर ने माना। इस अवसर पर डॉ. प्रियंका गुप्ता, डॉ. रेखा सोलंकी, श्याम रावत, सरवन मालवीय, मनीष बैरागी एवं महाविद्यालय का समस्त स्टाफ व बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

**एक नजर** — दिगंबर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन ने शुरू किया हरियाली उत्सव

# दर्शन गिरी तीर्थ पर रोपे गए 24 तीर्थंकरों के प्रतीक पौधे

**उज्जैन। दिगंबर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन के देशव्यापी हरित क्रांति अभियान के तहत उज्जैन रीजन द्वारा नवोदित तीर्थ दर्शन गिरी पर भव्य पौधारोपण समारोह आयोजित किया गया। यहां महावीर स्वामी के पावन प्रासाद में 24 तीर्थंकर भगवान के चरणों स्वरूप ज्ञान व विद्या प्रदाता 24 पौधे रोपे गए। फेडरेशन की देशभर की सभी शाखाएं स्थानीय समाज के साथ मिलकर 5 जून से 5 जुलाई तक एक माह का हरियाली उत्सव मनाएंगी।**




प्रकृति की हरियाली ही हमारी खुशहाली

समारोह का उद्घाटन करते हुए फेडरेशन के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष अश्विन कासलीवाल ने कहा कि वसुंधरा की हरियाली और चलती पवन में मुस्कुराती पौधे की डाली हम सबकी खुशहाली प्रकट करती है। स्वागत भाषण रीजन अध्यक्ष नवीन जैन ने दिया। कार्यक्रम की शुरुआत में मंगलाचरण नीता धवल, साधना जैन और सीमा पतंग्या ने प्रस्तुत किया।

इन समूहों ने की सहभागिता, लिया पौधों के संरक्षण का संकल्प-पौधारोपण अभियान में उज्जैन रीजन के सोशल ग्रुप उज्जयिनी मेन, सम्यक ग्रुप, सीनियर सिटीजन, अरिहंत ग्रुप के साथ ही देवास से सतपथ ग्रुप, पुष्प ग्रुप और वर्धमान ग्रुप शामिल हुए। इस अवसर पर दर्शन गिरी तीर्थ पर दिगंबर जैन सोशल ग्रुप उज्जैन मेन की ओर से 25 और श्री आदिनाथ महिला मंडल की ओर से 25 कुर्सियां भेंट की गईं। कार्यक्रम में उपस्थित सभी सदस्यों और दर्शन गिरी तीर्थ के ट्रस्टियों ने लगाए गए पौधों के रखरखाव का संकल्प लिया।

### समारोह में इनकी रही उपस्थिति

आयोजन में अतिरिक्त महासचिव जम्बू जैन धवल, संयुक्त महासचिव नितिन डोशी, विमल जैन, अभिषेक विनायका, विपिन कासलीवाल, नीरज सोगानी, दिलीप सोगानी, सुरेंद्र सिंघई, संजय जैन, पवन कासलीवाल, सुलोचना रूपेंद्र सेठी, हितेश परम, मनीष जैन देवास, चेतन राणा, संगीता जैन और वर्तिका कासलीवाल आदि सदस्य उपस्थित थे। आभार गौरव लुहाड़िया ने माना।